आकांक्षा को डा. बीसी राय मेमोरियल अवार्ड

अमर उजाला ब्यूरो

- नैनीडांडा ब्लाक के महेली गांव की रहने वाली हैं

कोटद्वार। जनपद पौड़ी के विकासखंड नैनीडांडा के महेली गांव निवासी आकांक्षा बिष्ट को देशभर में चल रहे हीमोविजिलेंस प्रोग्राम के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए डा. बीसी राय मेमोरियल आवार्ड से सम्मानित किया गया।

हीमोविजिलेंस प्रोग्राम के तहत सुरक्षित रक्त ट्रांसफ्यूजन की पूरी कार्यप्रणाली को व्यवहार में लाना और उसकी उपयोगिता विषय में स्वास्थ्य महकमे से जुड़े और संबंधित लोगों को जानकारी दी जाती है। इस कार्यक्रम के तहत देशभर में 154 केंद्र जुड़े हैं। इस कार्यक्रम का सन्वयन नेशनल इंस्टीट्यूट आफ बायोलोजिकल्स नोएडा से किया जाता है। आकांक्षा बिष्ट ही मो वि जि लें स कार्यक्रम की सदस्य सचिव भी हैं और इसके साथ हीमोविजिलेंस समाचार पत्रिका की सह संपादिका हैं। आकांक्षा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा दिल्ली से शुरू की। दिल्ली विवि से बीएससी केमिस्ट्री आनर्स और गढ़वाल विवि से एमएससी बायोकेमिस्ट्री से की। दिल्ली विवि से पीएचडी की। आकांक्षा वर्तमान में इंडियन फार्माकोनिया कमीशन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय गाजियाबाद में कार्यरत हैं।